दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. चुनाव आयोग की टीम आज राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों और पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ करेगी बैठक।

02. भाजपा की चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर हुआ मंथन। आज भी जारी रहेगी बैठक।

03. राज्य के अधिकांश भागों में भारी बारिश से जन जीवन अस्त–व्यस्त। मौसम विभाग ने कहा– आज सुपौल, अररिया और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की सम्भावना।

04. और, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने सात से पन्द्रह वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ किया।

————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव स्वच्छ और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आयोग ने अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन कल पटना में राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। इसमें राज्य के अड़तीस जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कमजोर क्षेत्र की पहचान कर मतदाताओं पर भरोसा मजबूत करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। आयोग ने सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों की कड़ाई से निगरानी करने को भी कहा है। इससे पहले निर्वाचन आयोग की टीम ने राज्य के बारह प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया और उनके सुझाव लिये। निर्वाचन आयोग के दल में निर्वाचन आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉक्टर विवेक जोशी भी शामिल हैं।

भाजपा, जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल ने चुनाव आयोग को दिए सुझावों में दो या इससे कम चरणों में मतदान संपन्न करने का आग्रह किया। ज्यादतर राजनीतिक दलों ने छठ पूजा के तुरंत बाद यानी नवंबर के पहले सप्ताह में मतदान कराने का आग्रह किया है। कांग्रेस ने बैठक के दौरान निर्वाचन आयोग के समक्ष एस आई आर को लेकर विरोध जताया। कांग्रेस पार्टी ने राज्य के लिए प्रकाशित की गई अंतिम मतदाता सूची में जोड़े गए इक्कीस लाख तिरेपन हजार मतदाताओं के नाम

सार्वजनिक करने और हटाए गए तीन लाख छियासठ हजार वोटरों की जानकारी मांगी है। दौरे के अंतिम दिन आज चुनाव आयोग राज्य के प्रवर्तन अधिकारियों, पुलिस विभाग के नोडल पदाधिकारी और केंद्रीय बलों के नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक करेगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————

भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक हुई। इस दौरान विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गयी। साथ ही क्षेत्र विशेष के सामाजिक समीकरणों और राजनीतिक सम्भावनाओं पर भी मंथन हुआ। बैठक में मौजूदा विधायकों के प्रदर्शन पर भी विचार हुआ तथा  पिछले लोकसभा चुनाव में पराजित सांसदों और पूर्व सांसदों के उम्मीदवार बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी ने एक सौ पच्चीस सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया। माना जा रहा है कि पार्टी जिला संगठनों से प्राप्त नामों पर गम्भीरता से विचार कर रही है। बैठक में बिहार प्रभारी विनोड तावड़े, सह चुनाव प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। चुनाव समिति की बैठक आज भी जारी रहेगी।

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने से पहले एक करोड़ लोगों से सुझाव लेगी। घोषणा पत्र समिति के वरिष्ठ सदस्य और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि प्रदेशभर में आज से बीस अक्टूबर तक अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान एक करोड़ लोगों के सुझाव एकत्रित किये जायेंगे। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर सुझाव पेटियां रखी जायेंगी। श्री कुमार ने कहा कि मिस्ड कॉल और ई–मेल के साथ ही सीधा संवाद कर लोगों से सुझाव लिये जायेंगे।

————————————————————————

राज्य के पश्चिमी भागों से एक ट्रफ लाईन गुजर रही है, जिसके प्रभाव से प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम, उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा की परिस्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा और कटिहार जिले में कई जगहों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में भी मध्यम से भारी वर्षा हो

सकती है। विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में मौसम खराब रहने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान जिले के महाराजगंज में रिकॉर्ड तीन सौ चौबीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। कई अन्य स्थानों पर भी दो सौ अस्सी से दो सौ मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज की गयी। राज्य के विभिन्न भागों में बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर वज्रपात और आंधी–बारिश की घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक चार लोगों की मृत्यु मुजफ्फरपुर जिले में हुई है, जबकि जहानाबाद जिले में तीन लोगों की मृत्यु हुई है। भारी बारिश के चलते रोहतास और कैमूर जिले में कर्मनाशा और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ गई। बारिश के कारण सासाराम शहर में कई गली मोहल्ले पानी में डूब गए हैं। पटना, सारण, सिवान और गोपालगंज जिले में कई गली मोहल्लों में भीषण जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तेज हवा के चलते कई स्थानों पर रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने के कारण रेल परिचालन भी बाधित रहा। वहीं, बेहद खराब मौसम के कारण पटना एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही भी प्रभावित रही।

————————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने गुजरात के गांधीनगर से राष्ट्रव्यापी **आपकी पूंजी आपका अधिकार** अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य वित्तीय प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ी लावारिस वित्तीय संपत्तियों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह अभियान लावारिस जमाराशियों की उनके वैध दावेदारों को उचित वापसी सुनिश्चित करेगा।

———बाईट———

लोगों को बैंकों में जाना पसंद नहीं है। अब बैंक लोगों के दरवाजे पर आकर अपनी सेवाएं देंगे। हमारे पास इस बारे में जागरूकता फैलाने का तीन साल का समय है। आपका पैसा चाहे बैंक में है, चाहे एलआईसी या सेबी में, उसे वापस दिलाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की सरकार कौशल और नवाचार पर ज़ोर देते हुए युवा शक्ति को भविष्य का नेतृत्व करने के लिए तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री ने बासठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का अनावरण किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में कौशल दीक्षांत समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उन्नत आईटीआई के माध्यम

से प्रधानमंत्री कौशल और रोज़गार क्षमता परिवर्तन– पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

–––बाईट–––

आज पीएम सेतु योजना की शुरुआत की गई है। देश भर में हमारे एक हजार से ज्यादा आईटीआई इंस्टीट्यूशंस को इसका फायदा होगा। पीएम सेतु योजना के माध्यम से इन आईटीआईस को अपग्रेड किया जाएगा। यहां नई मशीनें आएंगी, इंडस्ट्री के ट्रेनिंग एक्सपर्ट्स यहां आएंगे, करिकुलम भी आज की और फ्यूचर की डिमांड के हिसाब से अपग्रेड होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने बिहार के लिए कई अन्य परियोजनाओं की शुरूआत की। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री ने बिहार में मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख स्नातक युवाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण के साथ दो साल तक एक हजार रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बिहार युवा आयोग का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने बिहार के सरकारी विद्यालयों के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के बीच चार सौ पचास करोड़ रुपये छात्रवृति की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। कार्यक्रम में नव चयनित तीन हजार नौ सौ बयालीस युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजागर देने के लिए लगातार काम कर रही है। अब तक पचास लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर स्थित राज्य खेल अकादमी में आयोजित समारोह में मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत प्रदेश के सत्तासी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इसके साथ ही वे बिहार राज्य खेल सम्मान योजना से सम्मानित आठ सौ बारह खिलाड़ियों के बीच सात करोड़ तैंतालीस लाख रूपये की सम्मान राशि वितरित करेंगे। श्री कुमार राजगीर में क्रिकेट स्टेडियम के पवेलियन और क्रिकेट ग्राउंड का भी लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर राज्यमंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने सात से पन्द्रह वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इस आयु वर्ग के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क में छूट पहली अक्टूबर से लागू हो गई है और एक वर्ष के लिए लागू

रहेगी। इस निर्णय से देश भर के लगभग छह करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संग्रह नियम–दो हजार आठ में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार वैध और सक्रिय फास्टटैग के बगैर शुल्क प्लाजा से गुजरने वाले वाहन यदि नकद का विकल्प चुनते हैं तो उन्हे आधिकारिक उपभोक्ता शुल्क का दो गुना भुगतान करना होगा। यदि शुल्क का भुगतान यूपीआई द्वारा किया जाता है तो आधिकारिक शुल्क का सवा गुना भुगतान करना होगा। ये नियम पन्द्रह नवम्बर से लागू होंगे।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव आयोग की टीम के बिहार दौरे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर पर लिखा है– बिहार के ज्यादातर दलों का दो चरणों में चुनाव कराने पर जोर।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– राजद शासनकाल में शुरू हुआ पलायन, नीतीश ने रोका।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर पर लिखा है– पानी से परेशानी, कई जिले जलमग्न, ठनका से सोलह मरे।

प्रभात खबर की सुर्खी है– इंतजार खत्म, कल से पटना में दौड़ने लगेगी आपकी मेट्रो।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. चुनाव आयोग की टीम आज राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों और पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ करेगी बैठक।

02. भाजपा की चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर हुआ मंथन। आज भी जारी रहेगी बैठक।

03. राज्य के अधिकांश भागों में भारी बारिश से जन जीवन अस्त–व्यस्त। मौसम विभाग ने कहा– आज सुपौल, अररिया और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की सम्भावना।

04. और, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने सात से पन्द्रह वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।